JALAUN POLICE

दिनांक – 17.05.2026

थाना कुठौन्द में किया गया सामूहिक भोज का आयोजन

श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, लखनऊ द्वारा अनुशासित बल उ0प्र0 पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण के बीच भाईचारा एवं टीम भावना को बढावा देने, आपसी संवाद को बेहतर बनाने, सामूहिक संस्कृति व नैतिक मूल्यों को बनाए रखने हेतु एकरूपता व आपसी सामंजस्य को बढावा देने के उद्देश्य से कोतवाली/थाना पर सामूहिक भोज का आयोजन किए जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया था।

पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 17.05.2026 को थाना कुठौन्द मे क्षेत्राधिकारी जालौन की उपस्थिति मे थाना कुठौन्द परिसर में सभी अधिकारी व कर्मचारीगण /पीआरबी कर्मचारीगण /होमगार्ड/पीआरडी कर्मचारीगण के साथ सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। उक्त सामूहिक भोज मे समस्त अधिकारी /कर्मचारीगण द्वारा साथ बैठकर भोजन किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी जालौन द्वारा थाना कुठौन्द पर तैनात उ0नि0/आरक्षी/होमगार्ड व पीआरडी जवानों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए भोजन परोसा गया तथा उनके साथ बैठकर भोजन किया गया, जिससे आपसी समन्वय, सौहार्द एवं टीम भावना को और अधिक सुदृढ़ करने में सहायता मिली।